AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि : स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई से

12 तक चलेंगी परीक्षाएं, प्रवेश विभाग ने जारी की अधिसूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। यहां विभिन्न कोर्स में दाखिले के लिए पांच से 12 जुलाई तक प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए प्रवेश समन्वयक की ओर से अधिसूचना जारी कर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

लखनऊ विवि में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए यह 30 जून है। जिन छात्रों ने आवेदन नहीं किया है उनके पास पांच दिन और हैं। लविवि के प्रवेश कार्यालय की ओर से जारी किए गए पत्र के मुताबिक स्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से 12 बजे तक होगी और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 से 4 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे।

इन तिथियों पर होगी प्रवेश परीक्षा

तारीख	कोर्स	समय
5 जुलाई	डीफार्मा	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
5 जुलाई	बीएससी एग्रीकल्चर	दोपहर 2:30 से 4 बजे तक
7 जुलाई	बीएससी बायो	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
7 जुलाई	बीएलएड	दोपहर 2:30 से 4 बजे तक
8 जुलाई	बीकॉम	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
8 जुलाई	बीकॉम ऑनर्स	दोपहर 2:30 से 4 बजे तक
9 जुलाई	बीसीए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
9 जुलाई	बीएससी मैथ	दोपहर 2:30 से 4 बजे तक
10 जुलाई	बीबीए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
10 जुलाई	एलएलबी इंटीग्रेटेड	दोपहर 2:30 से 4 बजे तक
11 जुलाई	बीए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
11 जुलाई	बीजेएमसी	दोपहर 2:30 से 4 बजे तक
12 जुलाई	बीवीए- बीएफए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक

लविवि के योग पाठ्यक्रम में रुचि ले रहे छात्र

लखनऊ। लखनऊ विवि में संचालित योग पाठ्यक्रम में छात्रों की रुचि बढ़ रही है। वर्ष दर वर्ष नामांकन संख्या में इजाफा हुआ है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में पहली बार एक रूसी छात्र ने स्नातक योग पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है।

योग संकाय के समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव के अनुसार, विश्वविद्यालय में वर्तमान में बीए/बीएससी योग, एमए/एमएससी योग और पीजी डिप्लोमा इन योग पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इनमें कुल 150 सीटें हैं। सत्र 2022-23 में जहां 123 छात्रों ने प्रवेश लिया था, वहीं 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 131 हो गई और 2024-25 में 174 छात्रों ने दाखिला लिया।

लविवि प्रदेश का पहला ऐसा राज्य विवि है, जहां योग संकाय की स्थापना की गई है। रोजगारपरक पाठ्यक्रम स्वरोजगार और हेल्थ इंडस्ट्री में कॅरिअर बनाने का भी अवसर प्रदान करता है। (संवाद)

लखनऊ विवि से पास हुआ देश का पहला चार वर्षीय बीकॉम बैच

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत संचालित बीकॉम पाठ्यक्रम के आठवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह बताते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दावा किया कि विवि देश का पहला संस्थान बन गया है, जहां चार वर्षीय बीकॉम स्नातक पाठ्यक्रम का पहला बैच सफलतापूर्वक पास हुआ है।

कुलपति ने बताया कि यह परिणाम एनईपी के अंतर्गत शुरू हुई समग्र और बहुविषयक शिक्षा प्रणाली की पहली बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह कदम छात्रों को लचीली, गुणवत्ता युक्त और आधुनिक शिक्षा की दिशा में मजबूत आधार देगा।

परीक्षा में कुल 25 नियमित छात्रों ने भाग लिया और सभी उत्तीर्ण हुए। सर्वाधिक अंक 80.17 प्रतिशत तथा न्यूनतम 74.67 प्रतिशत दर्ज किए गए। दो छात्रों को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए जबकि शेष 23 छात्रों ने 70 से 79 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जो विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार परीक्षा में कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा, न ही किसी पर अनुचित साधन (यूएफएम) का मामला सामने आया। साथ ही सभी छात्रों की फीस समय पर जमा थी। परीक्षा अधीक्षक प्रो. राम मिलन की निगरानी में यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। (संवाद)

शोधगंगा पर अपलोड हुईं 11781 थीसिस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय डिजिटल दौर में तकनीक के साथ-साथ कदमताल कर रहा है। यहां टैगोर लाइब्रेरी की ओर से अब तक 11781 शोधार्थियों की थीसिस शोधगंगा वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। इसे शोधार्थी या अन्य छात्र-छात्राएं घर बैठे ऑनलाइन देख सकते हैं। शोधगंगा भारतीय शोध प्रबंधों का एक ऑनलाइन डिजिटल भंडार है। जहां सभी विवि के शोधार्थियों का शोध अपलोड किया जाता है। लविवि की मानद लाइब्रेरियन प्रो. केया पांडेय ने बताया कि वह टैगोर लाइब्रेरी को लगातार डिजिटलाइज करने पर काम कर रही हैं। अब तक लाइब्रेरी की 1.5 लाख किताबों का ब्योरा ऑनलाइन किया जा चुका है। (संवाद)

NBT PAGE 4

यूजी प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई से

LU ने जारी किया शेड्यूल, 12 तक होंगी परीक्षाएं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी कोर्सों में दाखिले के लिए 5 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाएं होंगी। विवि के ऐडमिशन सेल की ओर से शुक्रवार को 13 पाठ्यक्रमों का शेड्यूल जारी किया गया। तीन पाठ्यक्रमों का शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा।

प्रवेश परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली में सुबह 10:30 से दोपहर 12:00 बजे के बीच और दूसरी पाली में दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच परीक्षा होगी। योगा, वीवोक व शास्त्री पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा की तारीखें घोषित नहीं की गई हैं। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही विवि की वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी लॉग इन आईडी के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे।

प्रवेश परीक्षाओं का शेड्यूल

तारीख	प्रथम पाली	दूसरी पाली
5 जुलाई	डीफर्मा	B.Sc. एग्रीकल्चर
7 जुलाई	बीएसी बायो	BL.Ed.
8 जुलाई	बीकॉम	B.Com ऑनर्स
9 जुलाई	बीसीए	B.Sc. मैथ्स
10 जुलाई	बीबीए	LLB फाइव इयर
11 जुलाई	बीए	BJMC
12 जुलाई	BFA-BVA	---

छात्र खुद तय करेंगे कोर्स की अवधि

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः एलयू में अब जल्द ही छात्र कोर्स की अवधि भी खुद तय कर सकेंगे। इससे समय से पहले या बाद भी ग्रैजुएशन की डिग्री बिना बैकपेपर पास कर सकेंगे। इसमें तीन साल वाली डिग्री को छात्र ढाई साल में पास कर सकेंगे, वहीं जरूरत पड़ने पर साढ़े तीन साल तक बढ़ाया भी जा सकेगा। इसके लिए विवि गाइडलाइन तैयार कर रहा है।

वर्तमान में एलयू में सामान्य ग्रैजुएशन प्रोग्राम को तीन या चार साल में पास किया जा सकता है। चार साल में पास करने पर पीजी एक साल में करने की छूट दी जाती है। यूजीसी की ओर से एक्सटेंडेड

● एलयू में अब ढाई साल से साढ़े चार साल की अवधि में ग्रैजुएशन

व डिलेड डिग्री प्रोग्राम को सभी विवि में लॉन्च किया गया है। इसके तहत सभी विवि को निर्देश जारी किए गए कि छात्रों को छह माह पहले या छह माह देर से संबंधित डिग्री प्रोग्राम को पास करने की छूट दी जाएगी। विवि की डीन अकैडमिक्स गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि विवि ने इसे लागू करने के लिए कमिटी का गठन किया है।

नगर निगम कॉलेज में अब 3 तक आवेदन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः अटल विहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज इस्माइलगंज में दाखिला लेने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म पाने की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई थी जिसे अब तीन जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही मोड में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 200 रुपये है। बीए में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अरब कल्चर उर्दू, मानव विज्ञान, गृह विज्ञान एवं समाज कार्य विषयों के साथ ही बीकॉम में भी दाखिला लिया जा सकता है।

10 दिन में आ जाएंगे यूजी कोर्स के रिजल्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय अगले दस दिन में सभी यूजी कोर्सों के रिजल्ट जारी कर देगा। फिलहाल फाइनल इयर के ज्यादातर रिजल्ट जारी किए जा चुके हैं। बीकॉम के आठवें सेमेस्टर व लॉ के रिजल्ट एलयू ने पूरे यूपी में सबसे पहले जारी किए हैं। ऐसे में इस बार विवि का सत्र समय से शुरू हो सकेगा। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि जून में यूजी और जुलाई तक पीजी के सभी परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

BBAU में इसी साल शुरू होंगे हॉबी क्लब

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः छात्रों की स्किल निखारने के लिए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में इसी साल से हॉबी क्लब शुरू होंगी। इसके लिए नए क्लब बनाए भी जाएंगे। अगले सत्र में दाखिलों के बाद स्टूडेंट्स को हॉबी क्लब जॉइन करने का विकल्प दिया जाएगा। बीबीएयू के वीसी प्रो. राज कुमार मित्तल ने बताया कि इससे स्टूडेंट्स को अपनी हॉबी को करियर में भी तब्दील करने का मौका मिलेगा।

HINDUSTAN PAGE 11

शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड

एलयू में यूजी प्रवेश परीक्षा पांच से

कार्यक्रम

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथियां तय कर हैं। जिसके अनुसार यूजी पाठ्यक्रमों के लिए पांच से 12 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर विस्तृत प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

लखनऊ विवि में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जून और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 30 जून निर्धारित है। इसलिए अब तक जिन छात्रों ने आवेदन नहीं किया है उनके पास अभी आवेदन करने का मौका है। एलयू के प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से जारी किए गए पत्र के मुताबिक स्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 से 12 बजे तक होगी। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 02:30 से चार बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे।



02 पाली में स्नातक में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी

12 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन होगा

इन तिथियों में होगा प्रवेश परीक्षा का आयोजन

तारीख	पाठ्यक्रम	समय
05 जुलाई	डीफार्मा	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
05 जुलाई	बीएससी कृषि	दोपहर 02:30 से 4 बजे तक
07 जुलाई	बीएससी बायो	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
07 जुलाई	बीएलएड	दोपहर 02:30 से 4 बजे तक
08 जुलाई	बीकॉम	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
08 जुलाई	बीकॉम ऑनर्स	दोपहर 02:30 से 4 बजे तक
09 जुलाई	बीसीए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
09 जुलाई	बीएससी मैथ्स	दोपहर 02:30 से 4 बजे तक
10 जुलाई	बीबीए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
10 जुलाई	एलएलबी इंटीग्रेटेड	दोपहर 02:30 से 4 बजे तक
11 जुलाई	बीए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक
11 जुलाई	बीजेएमसी	दोपहर 02:30 से 4 बजे तक
12 जुलाई	बीवीए या बीएफए	सुबह 10:30 से 12 बजे तक

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्नातक प्रवेश परीक्षाएं पांच जुलाई से

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक ने वेबसाइट पर जारी की प्रस्तावित समय सारिणी



जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय नए सत्र 2025-26 के स्नातक कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा पांच से 12 जुलाई तक आयोजित करेगा। शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने 13 पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा की समय सारिणी का नोटिफिकेशन जारी किया। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय का ध्यान रखें जिससे प्रवेश परीक्षा में कोई परेशानी न हो। स्नातक कोर्सों में आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून और परास्नातक, डिप्लोमा में 30 जून है। उसके बाद प्रवेश पत्र और अन्य निर्देश भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बी.ए, बी.एससी योग, बोवाक रिनिवेबल एनर्जी और शास्त्री में प्रवेश के लिए परीक्षा तिथि बाद में जारी की जाएगी।

19 कोर्सों के परिणाम घोषित : लवि ने 19 कोर्सों के सम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम जारी किए। इनमें शास्त्री, एमएड, एम.एससी सांख्यिकी, कंप्यूटर साइंस, एम.ए सांख्यिकी, हिंदी, एआइएच, एमएड, एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल, ह्यूमन रिसोर्स, इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग, एम.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग और एम.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कोर्स शामिल हैं। वेबसाइट https:// www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से परिणाम देखे जा सकते हैं।

ये है समय सारिणी

तिथि	कोर्स	समय
पांच जुलाई	डीफार्मा	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे
पांच जुलाई	बीएससी कृषि	दोपहर 2:30 से शाम चार बजे
सात जुलाई	बीएससी बायो	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे
सात जुलाई	बीएलएड	दोपहर 2:30 से शाम चार बजे
आठ जुलाई	बीकाम	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे
आठ जुलाई	बीकाम आनर्स	दोपहर 2:30 से शाम चार बजे
नौ जुलाई	बीसीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे
नौ जुलाई	बीएससी गणित	दोपहर 2:30 से शाम चार बजे
10 जुलाई	बीबीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे
10 जुलाई	एलएलबी पांच वर्ष	दोपहर 2:30 से शाम चार बजे।
11 जुलाई	बीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे
11 जुलाई	बीजेएमसी	दोपहर 2:30 से शाम चार बजे
12 जुलाई	बीएफए/ बीवीए	सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश 30 तक

जासं • लखनऊ : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 30 जून तक प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.bhatkhande.ac.in पर दिए गए समर्थ पोर्टल के लिंक से आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय में गायन, वादन व नृत्य की समस्त विधाओं में डिप्लोमा में प्रवेशिका, परिचय, प्रबुद्ध एवं पारंगत और बैचलर आफ परफार्मिंग आर्ट व मास्टर आफ परफार्मिंग आर्ट में आवेदन लिए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि विद्यार्थी पर जाकर पोर्टल पर पाठ्यक्रमों से संबंधित पूरी जानकारी ले सकते हैं।

अब बीकाम में तीन जुलाई तक आवेदन, पांच को मेरिट

जासं • लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज, इस्माइलगंज ने बी.काम में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। अभ्यर्थी इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन फार्म वेबसाइट www.abvnndc.in के माध्यम से आनलाइन और आफलाइन आवेदन फार्म महाविद्यालय कार्यालय से 200 रुपये देकर ले सकते हैं। प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि बी.काम में 88 सीटें हैं। इसमें प्रवेश की पहली मेरिट सूची पांच जुलाई को जारी की जाएगी। वहीं, बी.ए में प्रवेश जारी हैं। बी.ए में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अरब कल्चर उर्दू, मानव विज्ञान, गृह विज्ञान एवं समाज कार्य विषयों का आवंटन प्रथम आगत प्रथम प्रवेश के आधार पर किया जा रहा है। प्रवेश सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कालेज में सह-शिक्षा की व्यवस्था है। खेलकूद के सभी संसाधन उपलब्ध है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लासेस की भी सुविधा है। साल में दो बार रोजगार मेला आयोजित कर विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट भी कराया जाता है।

मेडिकल एप्लीकेशन आफ योग पुस्तक का विमोचन हुआ

पुस्तक का विमोचन करते कुलपति (दाएं से बाएं) प्रो. आलोक राय, डा. अमरजीत यादव, प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. अशोक सोनकर और प्रो. अवधेश त्रिपाठी • सौजन्य से लवि

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को योग विभाग, फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक डा. अमरजीत यादव की लिखित पुस्तक मेडिकल एप्लीकेशन आफ योग, द्वितीय संस्करण का विमोचन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर किया। डा. अमरजीत यादव ने बताया कि इस पुस्तक में दस अध्याय हैं जिसमें शरीर पर योग आसनों का प्रभाव, ध्यान का मस्तिष्क पर प्रभाव हेल्दी लिविंग, शरीर की संरचना तथा विभिन्न रोगों में योग की भूमिका नामक मुख्य अध्याय हैं। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर भी उपस्थित रहे।

इग्नू में किया गया योग अभ्यास : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के वृंदावन योजना स्थित क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में योग दिवस के उपलक्ष्य में योग अभ्यास किया गया। इसमें वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा. अनिल कुमार मिश्रा, उप निदेशक डा. कीर्ति विक्रम सिंह, डा. रीना कुमारी, डा. अनामिका सिन्हा सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।

बीबीएयू में योग संगम' के तहत आज मनेगा योग दिवस : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'योग संगम 2025' का आयोजन किया जाएगा। योग विभाग एवं योग वेलनेस सेंटर की ओर से होने वाला यह आयोजन इस वर्ष 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर होगा। कार्यक्रम सुबह छह से आठ बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बिरसा मुंडा छात्र गतिविधि केंद्र में होगा।

PIONEER PAGE 3

योगाचार्य संग विदेशी छात्रों ने किया योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन और प्रेरणा से योग सत्र अभ्यास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से विदेशी छात्रों के योगाभ्यास हेतु आईसीसीआर लखनऊ और लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना, आईसीसीआर के निदेशक अरविंद कुमार, इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइज़र प्रोफेसर आर.पी. सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह, एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ आर पी यादव अन्य विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट मौजूद थे।

मेडिकल एप्लीकेशन ऑफ योग के द्वितीय संस्करण का विमोचन

लखनऊ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक डॉ अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक मेडिकल एप्लीकेशन ऑफ योग, द्वितीय संस्करण का विमोचन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के पूर्व संध्या पर किया गया।

डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि इस पुस्तक में दस अध्याय हैं जिसमें शरीर पर योग आसनों का प्रभाव, ध्यान का मस्तिष्क पर प्रभाव हेल्दी लिविंग, शरीर की संरचना तथा विभिन्न रोगों में योग की भूमिका नामक मुख्य अध्याय हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर मनुका खन्ना प्रति कुलपति तथा प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर, अधिष्ठाता, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय उपस्थित थे।

HT PAGE 3

LU releases UG entrance exam schedule

LUCKNOW: The entrance examination (UGET 2025) for the undergraduate programme session 2025-26 of Lucknow University will be organised from July 5 to July 12. The date of release of admit card and other instructions will be issued shortly, announced LU dean admission on Friday.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

51,000 लोग सूर्य नमस्कार कर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

कुलपति ने किया पुस्तक मेडिकल एप्लीकेशन ऑफ योग के द्वितीय संस्करण का विमोचन

लखनऊ (एसएनबी)। लविवि शनिवार को एक भव्य कार्यक्रम के साथ इस गति को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है, जिसमें 51,000 लोगों द्वारा सूर्य नमस्कार के एक साथ प्रदर्शन से जुड़े विश्व रिकॉर्ड के साथ खुद को सरेखित किया जाएगा। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने योग विभाग फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक डॉ अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक मेडिकल एप्लीकेशन ऑफ योग, द्वितीय संस्करण का विमोचन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के पूर्व संध्या पर किया गया। इस दौरान डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि इस पुस्तक में दस अध्याय है, जिसमें शरीर पर योग आसनों का प्रभाव, ध्यान का मस्तिष्क पर प्रभाव हेल्दी लिविंग, शरीर की संरचना तथा विभिन्न रोगों में योग की भूमिका नामक मुख्य अध्याय है। इस अवसर पर प्रो मनुका खन्ना प्रति कुलपति व प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर, अधिष्ठाता, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय मौजूद थे।

विदेशी छात्रों ने किया छात्रावास में योगाभ्यास : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में योग सत्र अभ्यास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से विदेशी छात्रों के योगाभ्यास हेतु आईसीसीआर लखनऊ व लविवि के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना, आईसीसीआर के निदेशक अरविंद कुमार, इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइज़र प्रो आरपी सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ आरपी यादव, कैलाश हॉस्टल की प्रोवोस्ट प्रो बबीता जायसवाल, बीरबल साहनी हॉस्टल की प्रोवोस्ट डॉ मनीषा शुक्ला, तानुका चटर्जी, महमूदाबाद हॉस्टल के प्रो ओपी शुक्ला, तिलक हॉस्टल की प्रोवोस्ट डॉ शालिनी पाठक एवं अन्य छात्रावासों के प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट मौजूद थे।

विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कोचिंग डिपो, रनिंग रूम, लॉबी, चिकित्सालयों, मनोरंजन संस्थानों व कार्य स्थलों पर शनिवार को 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके तहत सुबह 06:30 बजे से 07:45 तक रेलवे अधिकारी क्लब वन्दरियाबाग, रेलवे मनोरंजन संस्थान बादशाहनगर, रेलवे मनोरंजन संस्थान ऐशबाग, अवध रनिंग रूम लखनऊ जं. समेत अन्य स्थानों पर योग से सम्बन्धित जानकारियां, प्राणायाम, ध्यान इत्यादि के माध्यम से योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान की जाएगी। इस आयोजन में मण्डल के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने दी। इसके अलावा उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों के साथ कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा।

एकेटीयूः सूर्य नमस्कार का हुआ पूर्वाभ्यास : डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योगाभ्यास सहित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरूआत योग मैराथन और योग वाटिका में सूर्य नमस्कार के पूर्वाभ्यास

के साथ हुई। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। इसके बाद चंदन वाटिका एवं तालाब के पास प्रकृति के गोद में विश्राम किया गया। जिससे सबका मन तरोताजा और उर्जावान हो गया।

इसके बाद अन्तर्राष्ट्रीय योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय था ज्ञान और अनुभव का संगम। ब्रम्हकुमारीज के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी में ब्रम्हकुमारीज राधा दीदी ने कहा कि भारत योगियो का देश रहा है। ब्रम्ह कुमारी स्वर्णलता दीदी ने मेडिटेशन कराया। कार्यक्रम में विषय स्थापना अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह ने की।

AMRIT VICHAR PAGE 5, 7

आज लविवि में बनेगा सूर्य नमस्कार का विश्व रिकार्ड

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य नमस्कार में लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों के 51 हजार छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कल 21 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार का विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। विवि और सहयुक्त महाविद्यालयों में 51 हजार छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी सुबह 8 बजे से एक साथ सूर्य नमस्कार करेंगे। इसके पहले 6:30 बजे से योगाभ्यास शुरू हो जाएगा।

इसके अलावा बाबा साहब अंबेडकर भीमराव विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में योगाभ्यास कराया जाएगा। लविवि में आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में योगाभ्यास कराया जाएगा। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सुबह 6 से 8 बजे तक बिरसा मुंडा छात्र गतिविधि केंद्र में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पुनर्वास विश्वविद्यालय में दो दिवसीय योगाभ्यास कराया जाएगा।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में योगाभ्यास सहित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। इसके बाद चंदन वाटिका एवं तालाब के पास प्रकृति के गोद में विश्राम किया गया। ब्रह्मकुमारीज के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय योग संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। ब्रह्म कुमारी स्वर्णलता दीदी ने मेडिटेशन कराया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह मौजूद रहे। संचालन सहायक कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव ने किया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष योग का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा बड़ा आयोजन

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में द्वि दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की शुरुआत 20 जून को सुबह 7 बजे की गई। उपमुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। सांस्कृतिक नृत्य संगीत व योग प्रदर्शन इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत विद्याओं के संवर्धन, योग प्रशिक्षण, भारतीय एकता को बढ़ावा देना, भाषाई व सांस्कृतिक आदान-प्रदान से ही सम्पूर्ण विकास होगा। प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि परिसर में आयोजित आयोजन में जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, त्रिपुरा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु इत्यादि राज्यों से विवि के 13 परिसर तथा 18 आदर्श महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर लखनऊ के 33 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी भाग ले रहे हैं। विभिन्न राज्यों से 25 से अधिक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और संस्थानों के लगभग 500 विद्यार्थी भाग लेंगे।

डॉ. अमरजीत यादव की पुस्तक का विमोचन करते कुलपति व अन्य।

योग पर आधारित पुस्तक का विमोचन

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक डॉ. अमरजीत यादव द्वारा लिखित पुस्तक मेडिकल एप्लीकेशन ऑफ योग के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया। पुस्तक में शरीर पर योग आसनों का प्रभाव, ध्यान का मस्तिष्क पर प्रभाव हेल्दी लिविंग, शरीर की संरचना तथा विभिन्न रोगों में योग की भूमिका नामक दस अध्याय हैं। प्रो. मनुका खन्ना प्रति कुलपति तथा प्रो. अशोक कुमार सोनकर, अधिष्ठाता, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय उपस्थित थे।

बच्चों ने दिखाया सामर्थ्य

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महानगर के शालीमार गैलेंट में लखनऊ विश्वविद्यालय ने रोमा हेमवानी और महिला अध्ययन संस्थान की डॉ. मानिनी श्रीवास्तव के सहयोग से योग गुदड़ी के लालों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया। रोमा ने बताया कि आयोजन का मकसद नई पीढ़ी को आपदा में अवसर ढूंढकर समाज के लिए प्रेरणा बनाना है। दिव्यांग सौरभ ने योग प्रदर्शन से भावविभोर कर दिया। योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बच्चे का होला हूप योग प्रदर्शन आकर्षण रहा। सृष्टि कश्यप ने बच्चों के साथ योग नृत्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगासन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने वाली डॉ. मालविका, प्राची श्रीवास्तव और अनुराग का सहयोग सराहनीय रहा। हनुमत धाम के महंत रामसेवक दास, लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. श्यामलेश तिवारी, और प्रियंका सरकार की मौजूद रहे।

पानी में योगाभ्यास करता किशोर।

योगाभ्यास के साथ लाइव पेंटिंग का प्रदर्शन आज

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केन्द्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे से योगाभ्यास के साथ-साथ एक पेन्टिंग प्रदर्शन का आयोजन होगा। अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि योग प्रशिक्षक डॉ. अनिल प्रकाश योगाभ्यास कराएंगे और चित्रकार अमित कुमार लाइव पेंटिंग बनाएंगे।

रत्ना डांस अकादमी ने किया योग फीवर का आयोजन

अमृत विचार लखनऊ :अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर रत्ना डांस अकादमी ने गोमतीनगर स्थित संस्था भारतीयम के परिसर में जनजागृति के लिए योग फीवर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ऑस्कर योग साईं कृपा केंद्र सेवा संस्थान की योग विशेषज्ञ सुमन पवार के मार्गदर्शन में बच्चों और बड़ों को योग का प्रशिक्षण दिया। आयोजन किशोरियों, युवतियों और सीनियर सिटीजन महिलाओं के लिए किया गया था। बाल वर्ग में रक्षा वर्मा, अग्रिका चौरसिया, अग्रिता सिंह, आयुषी मौर्या, अवंतिका श्रीवास्तव, अनिका सिंह, अविका सिंह, एंजल-वीरा, युवा वर्ग में एश्वर्य यादव, ऋतिका सिंह और सीनियर वर्ग में प्रीति श्रीवास्तव, बबीता साहू, रचना श्रीवास्तव, श्वेता मनराल, रूबी गुप्ता, रीता मनराल, नीलम गुप्ता, अनुजा पाण्डेय ने भाग लिया।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में हुआ योगाभ्यास

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की गतिविधियों के विस्तार के रूप में शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन और प्रेरणा से योग सत्र अभ्यास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से विदेशी छात्रों के योगाभ्यास के लिए आईसीसीआर लखनऊ और लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, निदेशक अरविंद कुमार, इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर प्रो. आरपी सिंह, चीफ प्रोवोस्ट प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ आरपी यादव, कैलाश हॉस्टल की प्रोवोस्ट प्रो बबीता जायसवाल, बीरबल साहनी हॉस्टल की प्रोवोस्ट डॉ मनीषा शुक्ला एवं तानुका चटर्जी, महमूदाबाद हॉस्टल के प्रोवोस्ट डॉ. ओपी शुक्ला, तिलक हॉस्टल की प्रोवोस्ट डॉ शालिनी पाठक एवं अन्य विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट मौजूद थे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में वर्तमान में अध्ययनरत अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की भारी भागीदारी और उत्साह देखने को मिला।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति ने परिसर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

लविवि स्नातक प्रवेश परीक्षाएं 5 जुलाई से

सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट नियमित करते रहें चेक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 के स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु यूजी प्रवेश परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी गई है। यह परीक्षा 5से 12 जुलाई तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र और विस्तृत निर्देश जल्द ही विश्वविद्यालय द्वारा आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि कि वे परीक्षा की तिथियों एवं समय का ध्यानपूर्वक पालन करें, जिससे किसी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रवेश परीक्षा 5 से 12 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से यह भी सूचित किया गया है कि प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि एवं परीक्षा से संबंधित अन्य आवश्यक दिशानिर्देश शीघ्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट चेक करते रहें।

विस्तृत कार्यक्रम होगा संलग्नः परीक्षा की संपूर्ण रूपरेखा और विषयवार समय सारणी विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जा रही अधिसूचना में संलग्न होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने विषय और स्लॉट के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम 45 मिनट पूर्व पहुंचने की सलाह दी गई है। साथ ही, प्रवेश पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर विज़िट करें।

भातखंडे संस्कृति विवि में प्रवेश की आवेदन तिथि बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊः भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि 15 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अपनी इच्छा एवं योग्यतानुसार संगीत गायन वादन एवं नृत्य की समस्त विधाओं में डिप्लोमा में प्रवेशिका परिचय, प्रबुद्ध एवं पारंगत तथा डिग्री के लिए बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट एवं मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.bhatkhande.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं कोर्स से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार है

तिथि	पाठ्यक्रम	समय
5 जुलाई	डी. फार्मा	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
5 जुलाई	बी.एससी. (कृषि)	अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक
7 जुलाई	बी.एससी. (बायो)	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
7 जुलाई	बी.एल.एड.	अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक
8 जुलाई	बी.कॉम	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
8 जुलाई	बी.कॉम (ऑनर्स)	अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक
9 जुलाई	बीसीए	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
9 जुलाई	बी.एससी. (गणित)	अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक
10 जुलाई	बीबीए	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
10 जुलाई	एलएलबी (एकीकृत 5 वर्षीय)	अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक
11 जुलाई	बीए	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
11 जुलाई	बीजेएमसी	अपराह्न 2:30 से 4:00 बजे तक
12 जुलाई	बीएफए/बीवीए	प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक